विषयः– नवचयनित पटवारी उम्मीदवारों को अनन्तिम (प्रोविजनल) नियुक्ति पत्र जारी करने, मूल दस्तावेजो की जांच व बायोमैट्रिक करवाने का अंतिम अवसर प्रदान करने बारे।

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध मे हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला के विज्ञापन संख्या 4/2024 कैटेगरी न0 334 के तहत उक्त विभाग से प्राप्त पत्र क्रमांक HSSC/Confd./CA14/CET-Group-C/2024/609, dated 19–10–2024 अनुसार नवचयनित पटवारी उम्मीदवार जो अपना अनन्तिम (प्रोविजनल) नियुक्ति पत्र प्राप्त करने, अपने मूल शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों तथा अन्य दस्तावेज (अनुभव, जाति, निवास व उम्र) की जांच करवाने इस निदेशालय मे उपस्थित नही हुए है तथा उपरोक्त प्रक्रिया पूर्ण करने वाले नवचयनित पटवारी उम्मीदवार जिन्होने बायोमैट्रिक अभी तक नही करवाया है।

इन नवचयनित पटवारी उम्मीदवारो को अंतिम अवसर दिया जाता है कि ये सभी उपरोक्त अनुसार प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिये दिनांक 11–12–2024 से 12–12–2024 को अपने मूल दस्तावेजो व उनकी दो छाया प्रतियों सहित इस निदेशालय में प्रातः 09:00 बजे उपस्थित होवें।

अतः आपको पत्र भेजकर अनुरोध है कि आप यह सूचना हरियाणा, राजस्व विभाग की वैबसाईट **https://revenueharyana.gov.in** पर आज ही अपलोड करने की कृपा करें।

अधीक्षक
कृते निदेशक भू–अभिलेख हरियाणा